INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT AUTHORITY

(A GOVT.OF BIHAR UNDERTAKING)

1st Floor, Udyog Bhawan, East Gandhi Maidan, Patna.

Email- md@idabihar.com Website-www.idabihar.com, Phone : 0612 - 2675933, 2675935, Fax- 2675934

नियुक्ति हेतु विज्ञापन – 61/Notice/IDA/22

आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आई०डी०ए०), बिहार सरकार का एक उपक्रम है। प्राधिकार का मुख्यालय पटना में अवस्थित है। आई०डी०ए० बिहार राज्य के आधारभूत संरचना के विकास यथा सड़कों, भवनों, स्वास्थ्य, सिचाई, जल प्रबंधन हेतु संकल्पित है। आई०डी०ए० जन निजी साझेदारी (पी०पी०पी०) हेतु राज्य सरकार की एक नोडल एजेंसी है।

आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार निम्नांकित पदों के लिए प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर आवेदन आमंत्रित करता है:–

Sl. No.	Name of the Post	UR (F)	Category wise no. of posts						Total no. of posts.	Remuneration per month ₹	Minimum Qualification	Desired Qualification
			EWS	BC	EBC	SC	ST	WBC				
		35% Horizontal Reservation for Women Candidates.										
1.	Executive Engineer (Technical)	01	-	-	01	-	-	-	02	₹ 60000	B.Tech/BE (Civil) with at least 10 years of experience.	Knowledge of M.S Office/Auto CAD/primavera etc. software required.

सामान्य निर्देश :–

1. अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी जो बाद में बढ़ायी भी जा सकती है।
2. अनुबन्ध पारिश्रमिक सभी भत्ते (15 प्रतिशत मकान किराया भत्ता) सहित है।
3. सभी पद व्यवसाय निषेध (नन प्रैक्टिसिंग) है।
4. भारत सरकार/बिहार सरकार एवं इसके सार्वजनिक उपक्रमों से प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अभ्यर्थियों को वेतन संरक्षण (पे प्रोटेक्शन) एवं प्रतिनियुक्ति भत्ता भारत सरकार/बिहार सरकार के नियम के तहत दी जायगी। आवेदकों को आवेदन के साथ विभाग का अनापत्ति प्रमाण–पत्र देना अनिवार्य है।
5. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम पदाधिकारी से निर्गत जाति प्रमाण पत्र की प्रति आवेदन के साथ देना अनिवार्य होगा। आरक्षण की सुविधा उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगी जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में है।
6. राज्य सरकार से सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियन्ता अथवा ऊपर के स्तर के पदाधिकारी उक्त पद हेतु आवेदन कर सकते हैं।
7. प्रतिनियुक्ति को छोड़कर उक्त पद के लिए दिनांक 16.08.2022 को अधिकतम आयु 50 वर्ष एवं सेवा निवृत्त कर्मियों के लिए अधिकतम आयु 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
8. संविदा पर नियोजित सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का मासिक मानदेय उन्हें प्राप्त होने वाले अंतिम वेतन+सेवानिवृत्ति के समय अंतिम वेतन पर प्राप्त महँगाई भत्ता के योगफल की राशि में से पेंशन की राशि+सेवानिवृत्ति के समय पेंशन की राशि पर प्राप्त महँगाई राहत की राशि को घटाने के बाद जो राशि प्राप्त होगी वही होगा। मासिक मानदेय की यह राशि उक्त सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा अवधि में कार्यरत रहने की तिथि तक स्थिर रहेगी।
9. आवेदन के पश्चात् Shortlisted Candidates का साक्षात्कार/लिखित परीक्षा ली जा सकती है।
10. **अनारक्षित (महिला) UR (F) के पद हेतु उम्मीदवार नहीं पाये जाने की स्थिति में पुरूष उम्मीदवार का चयन किया जा सकेगा। अतः उक्त पद हेतु पुरूष उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं।**
11. सुस्पष्ट आवेदन पत्र जिसका प्रारूप प्राधिकार के बेवसाईट लिंक (https://www.idabihar.com/application-form/) पर उपलब्ध है एवं वांछित प्रमाण पत्र यथा पी०पी०ओ०, स्व–अभिप्रमाणित आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, योग्यता/अनुभव प्रमाण पत्रों की scanned copy के साथ ई०मेल के माध्यम से ida-bihar@gov.in पर **दिनांक 16.08.2022 को 4:00 बजे** अपराह्न तक पहुँच जाना चाहिए।
12. अपूर्ण आवेदन पत्र एवं आवेदन जिनमें आकड़े पूर्ण न हो अथवा आयु/जाति/आवासीय/योग्यता/अनुभव प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न न हो तथा अंतिम तिथि उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन वैसे आवेदन को प्राधिकार रद्द करने हेतु सक्षम है।
13. आई०डी०ए० के पास किसी भी आवेदन को बिना कोई सूचना दिये रद्द् करने का अधिकार है। इस संबंध में प्रबन्ध निदेशक का निर्णय अन्तिम होगा।
14. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय का अधिकार क्षेत्र पटना होगा।

30/07/22

निदेशक (प्रशासन)